प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश के लोगों के साथ अपने विचारों को साझा करते हुए भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान को याद किया। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 15 नवम्बर को धरती आबा की 150वी जयन्ती मनाई जाएगी। इसे हम सभी मिलकर यादगार बनाए। श्री मोदी ने कहा कि साहस और दूरदर्शिता वाले महानायक भगवान बिरसा मुंडा का विजन पूरे देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। श्री मोदी ने लोगों से भारत के लौह पुरुष सरदार पटेल पर अपने विचार #Sardar150 के साथ और धरती–आबा बिरसा मुंडा पर अपने विचार #BirsaMunda150 के साथ साझा करने का आग्रह किया।

*****************

13 नवंबर को पहले चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की कल जांच होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख तीस अक्टूबर है। इस चरण में कुल आठ सौ पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इनमें पूर्वी जमशेदपुर और पश्चिमी जमशेदपुर से सबसे ज्यादा बत्तीस–बत्तीस और सिमरिया तथा खूंटी से सबसे कम ग्यारह–ग्यारह प्रत्याशी हैं।

*****************

निर्वाचन आयोग ने अबसेंटी और सेवा मतदाताओं के लिए मतदान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अपर निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि राज्य में 4 हज़ार 4 सौ 95 अबसेंटी वोटर्स चिन्हित किए गए हैं। अबसेंटी वोटर्स की श्रेणी में आनेवाले 85 वर्ष से ज्यादा आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान के लिए फार्म 12 डी उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं, अनिवार्य सेवा से जुड़े 6 हज़ार 5 सौ 99 मतदाता तथा चुनाव ड्यूटी पर संलग्न 1 लाख 33 हज़ार 7 सौ 20 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन दिया है।

*****************

बोकारो जिले में चुनाव के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

हजारीबाग जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर बनाए गए मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रुम का पुलिस ऑब्जर्वर नजमुल होदा ने उपायुक्त –सह –जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने यहां सुरक्षा तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर कई निर्देश दिए।

*****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हेमन्त सरकार पर राज्यवासियों को धोखा देने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि यहां विकास योजनाओं में लूट मची हुई है. माफिया और भ्रष्ट अधिकारी यहां हावी हैं।

*****************

राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लगभग साढ़े चौदह हजार होमगार्ड के जवानों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा। गृह विभाग ने इस मामले में अपनी स्वीकृति दे दी है।

*****************

राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री की पत्नी पाकुड विधानसभा क्षेत्र का पार्टी प्रत्याशी घोषित होने के बाद आज पाकुड पहुँचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। निशात आलम ने कहा कि आलमगीर आलम के अधूरे कार्यो को पूरा करना, जनता की समस्याओं को दूर करना उनकी प्राथमिकता होगी।

*****************

रांची स्थित धुर्वा डैम से नगड़ी थाना पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों ने शव को देखते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर के सहयोग से युवती का शव पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

*****समाप्त******